F.No.Z-17012/01/2020-CHEB
**FTS - 8069977**

**Government of India**
**Ministry of Health & Family Welfare**
**Directorate General of Health Services**
**Central Health Education Bureau**
**Kotla Road, New Delhi**

## NOTICE INVITING TENDER FOR Quarterly Health Magazine " Healthy India Initiative"

The tentative schedule for this tender is as below:

| | | |
|---|---|---|
| **Tender reference No:** | **01 -2020** | **Dated 10/08/2020** |
| **Name of the work:** | Designing and Printing of quarterly Health Magazine 'Healthy India Initiative' (publication of 3 regular + 1 special edition)1000copies in English & 1000 Copies in Hindi including **e version** Flip Book | |
| Earnest money Deposit: | Required | 40000/-(Forty thousand only) |

| **Important Dates** | |
|---|---|
| **Description of Items** | **Date** |
| Published Date | **Aug 10 ,2020** (1700Hrs.) |
| Bids Submission Start Date (Online) | **Aug 10,2020** (1700 Hrs.) |
| Bids Submission End Date (Online) | **Aug 20,2020** 1700 Hrs.) |
| Bid opening date (Technical Bid) | **Aug 21,2020** (1100 Hrs.) |
| Bid opening Date ( financial bid) | **To be notified** |

The Tender document along with the schedule can also be downloaded from the website: www.dghs.gov.in

**The bid shall be submitted online only at Central Public Procurement Portal (website: http://eprocure.gov.in/eprocure/app.) Manual bids shall not be accepted.**

Rukotts 10/8/2020

**DDA**
**CHEB**
**Kotla Road, New Delhi Pin-110002**
**Phone -011-23235867**

1. Background

The Central Health Education Bureau (CHEB) had been publishing Quarterly Health Magazine titled "Healthy India Initiative" since July 2016. The basic purpose of bringing out this quarterly magazine was to create awareness amongst public about health related issues pertaining to women, child, geriatric, nutrition, adolescents, seasonal health etc. This magazine was in high demand and the hard copies & soft copies were circulated to all the states, officers of DGHS, schools like Kendriya Vidyalaya & Navodhya Vidyalaya etc.

The Central Health Education Bureau will adopt a two stage selection process (collectively the "Selection Process") in evaluating the E-Proposals comprising in Two Covers (Technical and Financial bids) online through Central Public Procurement Portal Website: http://eprocure.gov.in/eprocure/app.

Technical and financial evaluation will be carried out in two stages and the bidder having the highest cumulative score based on formula mentioned in this tender document will be considered for the Award of Work.

2. **Terms and conditions**

The tender should be submitted online as technical bid and financial bid.

i) The firm should submit their tender in following two bids:

ii) Technical Bid- It should contain the documents mentioned in the Annexure-A

iii) Financial Bid- It should have only price/rate quoted by the bidder. (Annexure-B)

iv) The tenders must be accompanied with an Earnest Money Deposit (Refundable) amounting to Rs. 40000/- (Rs. Fourty Thousand only ) in the form of DD/Pay Order in favour of **PAO DGHS, New Delhi.** Tenders without EMD and required information of supporting document shall be summarily rejected. No Cheque shall be accepted towards Earnest Money Deposit (EMD). No interest will be payable on earnest money deposit. Exemption from submission of EMD will be applicable as per GOI Rules.

v) The Earnest Money Deposit of the un-successful tenderer would be released only after finalization of the Contract.

vi) The quoted price should include all taxes & duties, octroi, labour, transportation etc.

vii) Bidder must be a registered firm/Company, having appropriate licenses like PAN, TIN, TAN, VAT, GST, Service Tax etc. in their own name. Copies of all registrations to be submitted with the bid.

viii) TDS, as applicable, will be deducted as per Income Tax Rules.

ix) The firm should not have been blacklisted by any Government organization/ Dept.

x) The bidder should have the proven ability to deliver in a time bound manner.

xi) In case of delay by the printer, 0.5% of the total value will be recovered for every single day's delay subject to a maximum of 10% of the total cost.

xii) The CHEB reserves the right to cancel any/all the tender(s) without assigning any reason.

xiii) The work is required to be done with precision and high quality is to be maintained.

xiv) The CHEB's decision in any of the matter(s) is final and binding on the firm.

xv) Annual turnover of the bidder during the preceding three years should be at least **INR 40 lakhs per year**. Audited balance sheet for preceding three financial years showing minimum annual turnover of Rs. 40,00,000/- (Rupees Forty lakh) & above for printing in each financial year duly authenticated by a registered Chartered Accountant

xvi) Each page must be signed and sealed

xvii) Fill in all the columns in Technical Bid format along with relevant page number of attached document.

xviii) Clarifications & amendments of E-Tender Notice: During the process of evaluation of Proposals, the CHEB may, at its discretion, ask applicants for clarifications on their proposal. The Applicants are required to respond within the prescribed time- frame. The CHEB may for any reason, modify the e- Tender document before the date of submission of proposal. The amendment(s) to the e-Tender document would be clearly spelt out and the applicants may be given sufficient time to amend their proposal due to such modifications.

xix) Bid Currency: Prices shall be expressed in INR only.

xx) For verification of information submitted by the applicants, the Committee may visit applicant's offices at its own cost.

xxi) The applicants shall provide all the necessary documents, samples and reference information as desired by the Committee.

xxii) The cost indicated in the Financial Bid shall be treated as final and reflecting all inclusive.

xxiii) The Declaration Certificate Attached herein should be duly filled and signed.

xxiv) The successful bidder will be liable to honor repeat order of any volume, if placed by the CHEB.

Rulatte
16/8

**3. Force Majeure:-**

If, at any time, during the continuance of this contract, the performance in whole or in part by either party any obligation under this contract is prevented or delayed by reasons of any war of hostility, acts of the public enemy, civil commotion, sabotage, fires, floods, explosions, epidemics, quarantine restrictions, strikes, lockouts or act of God (hereinafter referred to as events) provided notice of happenings of any such eventuality is given by either party to other within 21 days from the date of occurrence thereof, neither party shall due to such event be entitled to terminate this contract nor shall either party have any claim for damages against other in respect of such non - performance or delay in performance, and deliveries under the contract shall be resumed as soon as practicable after such an event come to an end or cease to exist, and the decision of the purchaser as to whether the deliveries have been so resumed or not shall be final and conclusive.

Further that if the performance in whole or part any obligation under this contract is prevented or delayed by reasons of any such event for a period exceeding 60 days, either party may, at its option, terminate the contract.

**4. Settlement of Disputes and Arbitration:-**

If any dispute or difference arises between the parties hereto as to the interpretation, effect and implication of any provision of this agreement including the rights or liabilities or any claim or demand of one party against other or in regard to any other matter under these presents but excluding any matters, decisions or determination of which is expressly provided for in this agreement, shall within 30 days(or such longer period as may be mutually agreed upon) from the date one party informs the other in writing that such dispute or disputes or disagreement exists, be referred to arbitration in accordance with the Rules or Arbitration and Conciliation Act 1996 and the ruled framed there under for the time being in force. The award made in pursuance thereof shall be binding on the parties.

(a) The venue of the Arbitration shall be at Delhi.

(b) The Language of arbitration proceedings will be English only

(c) Each party shall bear and pay its own cost of the arbitration proceedings unless the arbitrator otherwise decides in the Award.

(d) The provisions of this Clause shall not be frustrated, abrogated or become inoperative, notwithstanding this Agreement expires or ceases to exist or is terminated or revoked or declared unlawful.

5. **Governing Laws and Disputes:**
The Courts at New Delhi shall have exclusive jurisdiction in all matters concerning this Agreement including any matter related to or arising out of the arbitration proceedings or any Award made therein.

6. **Scope of Work and Technical specifications**

The selected firm would work under the instructions and overall supervision of the Director , CHEB. Quotation is invited for Designing and Printing of quarterly Health Magazine 'Healthy India Initiative' (Designing and Printing of quarterly Health Magazine 'Healthy India Initiative' (publication of 3 regular + 1 special edition)1000copies in English & 1000 Copies in Hindi including **e version** Flip Book for both the languages) with following Details

**Name of Publication**: 'Healthy India Initiative'
**Periodicity** : Quarterly (January, April, July and October)- out of these four editions , one issue will be a special edition.
**No. of Copies**: 1000 in Hindi & 1000 in English
**No. of Pages**: 40 ± 4 pages for 3 Editions and 100±4 for special edition.

**A.** Editing, Proof reading and translating from English to Hindi

The document involves large amounts of Health information. The selected vendor will be required to depute a professional editor and translator well versed with handling health related work with CHEB staff to edit translate the raw contents and add appropriate good quality graphics. Entire content of the magazine including the cover page must be properly edited and translated and checked by the editor and proofreader. It will be the sole responsibility of the vendor to print the magazine without any grammatical & spelling mistake. Each edition is expected to involve at least 15 days of full time editorial work. The CV of the editorial professional proposed to be deputed showing qualification and experience with technical publications needs to be attached along with the technical bid.

**B.** Technical Specifications

i. Layout Design: At least 4 alternatives of cover page and layout to be made available to CHEB for each volume. 3 digital proofs bound in book form to be made available for review by CHEB officers before go ahead for printing is given. Proof reading will be the sole responsibility of the agency/firm/printer.

ii. Flip Book Version of e-book: The vendor shall develop the e-book of finalized document in Flip book format for both Hindi & English version.

Pulatta 1/8

iii. **Specifications for Printing of hard copies for 3 regular editions are :**

| | | |
|---|---|---|
| No. of Editions | : 3 | |
| No. of Magazine | : Every quarter 2000 Copies ( 1000 in English & 1000 in Hindi) | |
| Size of Magazine | : A4 (11.75 x8.5 inch) | |
| Pages | : 40± 4 | |
| Paper type | : Inner Pages | 170GSM Art Paper |
| | : Cover | 300GSM Art Card , UV with Matt Lamination with spot UV on Cover |
| Printing | : 4 colour web offset with online aqueous varnish | |
| Binding | : Perfect binding with Centre stitch | |

**Specifications for 1 Special editions of magazine is :**

| | | |
|---|---|---|
| No. of Editions | : 1 | |
| No. of Magazine | : 2000 Copies ( 1000 in English & 1000 in Hindi) | |
| Size of Magazine | : A4 (11.75 x8.5 inch) | |
| Pages | : 100± 4 | |
| Paper type | :Inner Pages | 130GSM Art Paper |
| | : Cover | 300GSM Art Card , UV with Matt Lamination with spot UV on Cover |
| Printing | : 4 colour web offset with online aqueous varnish | |
| Binding | :Section Sewing Perfect binding with Centre stitch | |

**Specifications for** E Version shall be as Flip Book

iv. Packing: Each Magazine to be wrapped in suitable packing paper and packed in cartons with each carton containing not more than 15 Magazine.

v. Delivery of each volume at CHEB office within 7 working days of final approval of design and contents. In no case the delivery period should exceed 10 days from the date of Approval of the edition.

7. Technical and financial evaluation will be carried out in two stages and the bidder having the highest cumulative score based on formula mentioned in this tender document will be considered for the Award of Work. The CHEB is not bound to accept the lowest quotation or any quotation and reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason.

**8.** The Technical Bid should contain the following documents, failing which the bid will be rejected:

a) The requisite information may be duly filled-in as per pro-forma at Annexure- A;
b) Attested copies of CST/VAT/GST/TIN Registration Certificates;
c) Attested copy of PAN/GIR/TAN Card;
d) Attested copy of Income Tax Return filed for last three financial years.

**9.** The Financial Bid should be furnished as per pro-forma at annexure B

**10. Evaluation Criteria:**

The applicants will present a few samples for the CHEB on the basis of their understanding of the tender document and the specifications mentioned.

**The technically qualified bids will be given marks as follows (Total 100 points):**

**a)** Full compliance of documents requested in Annexure A.

**b)** Layout, Concept development, Design templates ,creativity and designing ability (**Maximum 70 points**): Cover page design, Designing of inner pages , overall layout design templates , one time designing of the title , 'Healthy India Initiative' in English and the name in Hindi for branding. etc. are key elements of the presentation of the magazine. Samples of concepts, layout and design templates should be presented by the bidder . If required, a presentation to ascertain designing, concept development capabilities of the bidder will be taken by the Technical Committee to assess their expertise and compatibility with the requirement of the work.

**c)** Prior Experience (**Maximum 30 points**): The firm will be expected to provide details of their experience in specific contracts of this nature/ type/ complexity. Bidders must also provide samples of the books/magazines etc designed by them. Bidder may also present testimonials from previous or existing clients.

**The Financial Bids will be evaluated as per the evaluation criteria mentioned below (Total 100 points):**

The bidder with lowest financial bid (L1) will be awarded 100% score. The Financial Scores for other than L1 Bidders will be evaluated using the following formula:

**Financial Score of a Bidder = {(Financial Bid of L1 / Financial Bid of the Bidder) X 100} % (adjusted to 2 decimals)**

**Errors and Rectification:**

Arithmetical errors will be rectified on the following basis:-

If there is discrepancy between the unit price and the total price that is obtained by multiplying the unit price and quantity, the unit price shall prevail and the total price shall be corrected. If there is a discrepancy between words and figures, the amount in words will prevail.

**Joint Evaluation of Technical & Financial Bids:**

The following is the procedure for evaluation for the award of tender:
The technical and financial scores secured by each bidder will be added with weight of **70:30** respectively and a Cumulative Bid Score arrived at, using the formula:

**CS = S (T) * 0.7 + S (F) * 0.3**

Where

CS is Cumulative Score;

S(T) = Technical bid Score;

S(F) = Financial bid Score

**The bidder with highest Cumulative Score (CS) will be the successful bidder and be eligible to become the service provider.**

- No additional cost over and above the contracted value will be borne by CHEB.

11. If any information furnished by the applicant is found to be incorrect at a later stage, the bidder shall be liable to be debarred from any future tendering by the CHEB, besides annulment of the contract. The CHEB reserves the right to verify the particulars furnished by the bidder independently.

12. EMD may be submitted to **CHEB(Admin), Kotla Road**, New Delhi, Pin- 110002, Phone -011-23235867 on or before **1700 Hrs**
**17 hrs on 20Aug , 2020.**

13. **Bank Guarantee**: This amount has to be submitted before the commencement/print out order is given to the successful bidder and it shall remain valid during the tenure of contract period. The value of the Bank guarantee will be an amount equal to **10% of the total** contract value of the project. This Bank guarantee shall be returned after the expiry of contract provided there is no breach of contract during the period of the contract.

14. **Notification of Award of work order** :

CHEB will notify the successful bidder by e-mail and confirm by letter that the particular bid has been accepted. This notification of award shall name the sum which the CHEB will pay to the bidder in consideration of the performance of the scope of work by the bidder as per scope of work and technical specification. The successful bidder on receipt of notification, shall convey his/her acceptance by return e - mail and to be confirmed through speed post within seven (7) working days through a letter.

The work will be awarded for 1 year initially and can be extended for another year, if acceptable to both the parties at the same terms and conditions of this tender document

**Penalty**

In case bidder withdraws or changes his quotation, EMD will be forfeited. Refusal or inability or delay by the successful bidder to supply all deliverable as per scope of work at the contracted rate or any false statement in the bid may result in termination of the

contract and forfeiting of EMD/performance guarantee as well as disqualification of the bidder from participating in future tenders.

By virtue of being a Government of India publication, bidders are expected to deliver a publication of extremely high quality. Delivery of any kind of substandard work will attract penalty of up to **20% of the total amount** of the bill.

15. **Submission of online bids:-** The bids will have to be submitted only online and Manual bids will not be accepted.

16. The technical bid quotations will be opened in the presence of a committee **at Central Health Education Bureau ,** Kotla Road, New Delhi, Pin- 110002, at 1100 hrs **on 21 Aug , 2020.**

**Schedule of Submission of Bids**

The tentative schedule for this tender is as below:

| **Description of Items** | **Date** |
|---|---|
| Published Date | **Aug 10,2020** (1700Hrs.) |
| Bids Submission Start Date (Online) | **Aug 10,2020** (1700Hrs.) |
| Bids Submission End Date (Online) | **Aug 20,2020** (1700 Hrs.) |
| Bid opening date (Technical Bid)<br>Bid opening Date ( financial bid) | **Aug 21,2020** (1100 Hrs.)<br>**To be notified later** |

The Tender document along with the schedule can also be downloaded from the website: www.dghs.gov.in

Annexure-A

## Technical Bid

| S.No | Particulars | To be filled by the Tenderer | At page No. of the tender document |
|---|---|---|---|
| 1 | Name of Agency | | |
| 2 | Date of establishment of the Agency | | |
| 3 | Detailed office address of the Agency with Office Telephone Number, Fax Number and Mobile Number and the names of the Contact persons ( The firm should have an office in Delhi NCR) | | |
| 4 | Whether registered with all concerned Government Authorities. (Attested copies of all Licenses/Registrations to be enclosed) | | |
| 5 | PAN/GIR/TAN Number (attested copy to be enclosed) | | |
| 6 | CST/VAT/TIN Registration Number (attested copies to be enclosed) | | |
| 7 | Income Tax Returns for the last three years to be attached | | |
| 8 | Whether the firm is black-listed by any Government Department or any criminal case is registered against the firm or its owner/partner anywhere in India. | | |
| 9 | Past experience of the company/firm/agency along with profile and past projects handled and minimum turnover for a year | | |
| 10 | Experience in dealing with Government Department s (Indicate the names of the department and attached list of few clients) | | |
| 11 | Experience in creating a publication similar to Magazine . Kindly provide at least three samples. | | |
| 12 | Experience in Health Publications . | | |
| 13 | Whether the terms and conditions in the tender notice are acceptable to the bidder | | |
| 14 | Agency profile to be attached | | |
| 15 | List of other clients with letter from at least three. customers in the last 3 years regarding Satisfactory Performance of the bidder for providing services for design and publication | | |

**Annexure B**

**Financial Bid**

| Sl. No | Particulars | cost |
|---|---|---|
| 1 | ***Designing, editing including translation, proof reading, printing, Binding, Delivery etc. for** Health Magazine 'Healthy India Initiative' (publication of 3 regular + 1 special edition) 1000 copies in English & 1000 Copies in Hindi including e version as Flip Book | |
| 2 | **GST** | |
| 3 | **Total** | |

***The cost projected by the bidder will include all the costs of related works as mentioned in the tender document.**

**Note: Bidders are requested to read the eligibility criteria and Terms Conditions specified in the tender document while submitting online bids.**

## Declaration Certificate (On official letterhead)

This is to certify that I/We before signing this E-Tender have read and fully understood all the terms and conditions contained herein and undertake myself/ourselves to abide by them.

Authorized Signatory

(Name)

Stamp

## Declaration (On official letterhead)

This is to certify that I/We have not been blacklisted by any government department . It is also to state that no criminal case is registered against the firm or its owner/partner anywhere in india.

Authorized Signatory

(Name)

Stamp

फा.सं. जेड-17012/01/2020-सीएचईबी
**एफटीएस- 8069977**
**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय**
**केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो**
**कोटला रोड, नई दिल्ली**

**त्रैमासिक स्वास्थ्य पत्रिका "हेअल्थी इंडिया इनिशिएटिव" के लिए निविदा आमंत्रण नोटिस**

इस निविदा हेतु संभावित समय-सारणी निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| **संविदा संदर्भ संख्या :** | **01-2020** | **दिनांक 10 /08/2020** |
| **कार्य का नाम :** | त्रैमासिक स्वास्थ्य पत्रिका "हेअल्थी इंडिया इनिशिएटिव" की डिज़ाइनिंग और प्रिंटिंग (3 नियमित + 1 विशेष संस्करण का प्रकाशन)<br>1000 अंग्रेजी की प्रतियां और 1000 हिन्दी की प्रतियां जिसमें **ई-संस्करण** फ्लिप बुक शामिल है। | |
| बयाना राशि जमा : | अपेक्षित | 40000/- (चालीस हज़ार रुपये मात्र) |
| **महत्वपूर्ण तिथियां** | | |
| **मद का विवरण** | | **तारीख** |
| प्रकाशन की तारीख | | **10 अगस्त, 2020** (1700 बजे) |
| बोलियों को जमा करने की आरंभिक तारीख (ऑनलाइन) | | **10 अगस्त, 2020** (1700 बजे) |
| बोलियों को जमा करने की अंतिम तारीख (ऑनलाइन) | | **20 अगस्त, 2020** (1700 बजे) |
| बोलियों को खोलने की तारीख (तकनीकी बोली) | | **21 अगस्त, 2020** (1100 बजे) |
| बोलियों को खोलने की तारीख (वित्तीय बोली) | | **बाद में अधिसूचित किया जाएगा** |

समय-सारणी के साथ निविदा दस्तावेज को www.dghs.gov.in वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**बोली केवल केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल पर ऑनलाइन जमा होगी।**
**(वेबसाइट: http://eprocure.gov.in/eprocure/app.)**
**मैनुअल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।**

10/8/2020
उपनिदेशक प्रशासन,
सीएचईबी
कोटला रोड, नई दिल्ली- 110002
फोन- 011-23235867

## 1. पृष्ठभूमि

केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो (सीएचईबी) जुलाई, 2016 से ही **"हेअल्थी इंडिया इनिशिएटिव"** के नाम से एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है । इस त्रैमासिक पत्रिका के प्रकाशन का मूल ध्येय लोगों में महिलाओं, बच्चों, बूढ़ों, पोषण, किशोर बच्चों, मौसमी स्वास्थ्य, इत्यादि से संबंधित स्वास्थ्य मामलों के संबंध में जागरुकता फैलाना है । इस पत्रिका की अत्यधिक मांग है और इसकी हार्ड और सॉफ्ट प्रतियाँ सभी राज्यों, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधिकारियों, केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों जैसे संगठनो, इत्यादि को परिचालित की जाती हैं ।

केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल वेबसाईट: http://eprocure.gov.in/eprocure/app. के माध्यम से दो लिफ़ाफों में दिए गए ऑनलाइन ई-प्रस्तावों (तकनीकी और वित्तीय बोली) के मूल्यांकन के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो द्वारा द्विचरण चयन प्रक्रिया (संयुक्त रूप से 'चयन प्रक्रिया') अपनाई जाएगी ।

तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन दो चरणों में किया जाएगा और निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित फॉर्मूला के आधार पर सर्वाधिक संचयी अंक पाने वाले बोलीकर्ता को ठेका देने पर विचार किया जाएगा।

## 2. नियम और शर्तें

निविदा, तकनीकी बोली और वित्तीय बोली के रूप में ऑनलाइन जमा की जानी चाहिये।

i) फर्म को निम्नलिखित दो बोलियों के रूप में अपनी निविदा प्रस्तुत करनी होगी:

ii) तकनीकी बोली- इसमें अनुबंध-क में उल्लिखित दस्तावेज़ होने चाहिये ।

iii) वित्तीय बोली- इसमें बोलीकर्ता द्वारा केवल मूल्य/दर दिया जाना चाहिये । (अनुबंध-ख)

iv) निविदा के साथ **पीएओ, डीजीएचएस, नई दिल्ली** के नाम डीडी/पे-ऑर्डर के रूप में 40000/- रुपए (चालीस हज़ार रूपए मात्र) की बयाना जमा राशि (जो रिफंडेबल है) होनी चाहिये । बयाना जमा राशि (ईएमडी) और अपेक्षित जानकारी के सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त निविदाओं को सरसरी तौर पर ही अस्वीकृत कर दिया जाएगा । बयाना जमा राशि (ईएमडी) के लिए चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे । बयाना जमा राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा । ईएमडी जमा करने में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार लागू की जाएगी ।

v) असफल निविदाकर्ताओं की बयाना जमा राशि संविदा देने के संबंध में अंतिम निर्णय लेने के बाद ही वापस की जाएगी ।

vi) बोली की कीमत में सभी कर और शुल्क, चुंगी, श्रम, परिवहन आदि शामिल होने चाहिये ।

vii) बोलीकर्ता का एक पंजीकृत फर्म/कंपनी होना अनिवार्य है जिसके लिए उसके पास अपने नाम पर उचित लाइसेंस जैसे पैन, टिन, टैन, वैट, जीएसटी, सेवा कर, आदि हो । बोली के साथ सभी पंजीकरणों की प्रतियां जमा कराना अनिवार्य है ।

viii) टीडीएस, जैसा लागू होगा, की कटौती आयकर नियमों के अनुसार की जाएगी ।

ix) फर्म को किसी सरकारी संगठन/विभाग द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया होना चाहिये ।

x) बोलीकर्ता के पास समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने की प्रमाणित क्षमता होनी चाहिए ।

xi) प्रिंटर द्वारा विलम्ब किए जाने की स्थिति में, प्रत्येक दिन के विलम्ब के लिए कुल मूल्य का 0.5% वसूल किया जाएगा, जो अधिकतम कुल मूल्य का 10% तक होगा ।

xii) सीएचईबी को किसी/सभी निविदा (ओं) को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार होगा ।

xiii) कार्यनिष्पादन में परिशुद्धता और उच्च गुणवत्ता बरकरार रखने की अपेक्षा की जाती है ।

xiv) किसी मामले में सीएचईबी का निर्णय अंतिम होगा और बोलीकर्ता पर बाध्य होगा ।

xv) बोलीकर्ता का गत तीन वर्षों का वार्षिक टर्नओवर कम से कम **भारतीय 40 लाख रुपए प्रति वर्ष** होना चाहिए। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रिंटिंग के 40,00,000/- रुपए (चालीस लाख रुपए मात्र) और उससे अधिक का न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर दर्शाने वाली पिछली तीन वर्षों का लेखापरीक्षित ऑडिटेड बैलेंस शीट्स, जो पंजीकृत चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत् अधिप्रमाणित हों, संलग्न करनी होंगी।

xvi) प्रत्येक पन्ना हस्ताक्षरित और मुहरबंद होना चाहिए ।

xvii) संलग्न दस्तावेजों की पृष्ठ संख्या सहित तकनीकी बोली प्रपत्र के प्रत्येक स्तंभ को भरें ।

xviii) ई-निविदा नोटिस के संबंध में स्पष्टीकरण और संशोधन: प्रस्तावों के मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान सीएचईबी अपने विवेकानुसार आवेदकों से उनके प्रस्तावों पर स्पष्टीकरण की मांग कर सकता है। आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि वे नियत समय-सीमा के अंदर अपना जवाब दें । सीएचईबी, किसी भी कारणवश, प्रस्तावों को जमा करने की तारीख से पहले ई-निविदाओं का संशोधन कर सकता है । ई-निविदा दस्तावेज में संशोधन/संशोधनों को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा और ऐसे संशोधनों के फलस्वरूप आवेदकों को अपने प्रस्ताओं में संशोधन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा ।

xix) बोली की मुद्रा: मूल्य भारतीय रुपए में दिये जाएंगे ।

xx) आवेदकों द्वारा दी गई सूचनाओं के सत्यापन के लिए समिति अपने खर्चे पर आवेदक के कार्यालय का दौरा कर सकती है ।

xxi) आवेदक को समिति की इच्छा के अनुरूप सभी आवश्यक दस्तावेज, नमूने और संदर्भित सूचनाएं उपलब्ध करानी होगी ।

xxii) वित्तीय बोली में दर्शाये गये मूल्य को अंतिम और सर्वसमावेशी माना जाएगा ।

xxiii) नोटिस के साथ लगे घोषणा प्रमाण-पत्र को विधिवत् भरा हुआ और हस्ताक्षरित होनी चाहिए ।

xxiv) सफल बोलीकर्ता, सीएचईबी द्वारा दोबारा दिये गये किसी भी मात्रा के आर्डर को पूरा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

## 3. अप्रत्याशित घटना:-

यदि इस संविदा के लागू रहते हुए, शत्रुता के कारण किसी युद्ध, जनशत्रु के कृत्य, नागरिक उपद्रव, तोडफोड, आग, बाढ़, विस्फोट, महामारी, संगरोध प्रतिबंधों, हड़ताल, तालाबंदी या दैवीय घटना (जिसे इसके बाद घटना के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के कारण किसी संविदागत बाध्यता में, किसी भी पक्ष के पूर्ण या आंशिक निष्पादन में किन्हीं कारणों से रुकावट या विलम्ब होता है, तो ऐसी घटना के कारण कोई पक्ष न तो इस संविदा को समाप्त करने का हकदार होगा और न ही कोई पक्ष ऐसी गैर-निष्पादन या निष्पादन में विलम्ब के लिए हुए नुकसान का दावा करेगी, बशर्ते कि दोनों में से किसी भी पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को ऐसी किसी घटना की सूचना घटित होने के 21 दिनों के अंदर दी गई हो, और ऐसी घटना की समाप्ति या मौजूदगी खत्म होने पर,

जहां तक व्यावहारिक हो, इस संविदा के तहत डिलीवरी की पुन: शुरूआत की जाएगी, और डिलीवरी की पुन:शुरूआत हुई है या नहीं, इस संबंध में अंतिम और निश्चायक निर्णय खरीदार का होगा।

परंतु यदि ऐसी किसी घटना के फलस्वरूप, संविदागत बाध्यता में 60 दिनों से अधिक की अवधि के लिए पूर्णत: या आंशिक रूप से रुकावट या विलम्ब होता है, तो दोनों पक्षों के पास इस संविदा को समाप्त करने का विकल्प होगा।

## 4. विवादों का निपटारा और मध्यस्थता:

यदि इस करार के किन्हीं प्रावधानों की व्याख्या, प्रभाव और आशय, जिसमें अधिकार अथवा उत्तरदायित्व अथवा किसी पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के विरुद्ध दावा या मांग अथवा इनके अधीन उत्पन्न कोई भी अन्य कोई मामला शामिल है, परंतु इस करार में स्पष्ट रूप से प्राविधित किए गए अन्य मामलों, निर्णयों या निर्धारण को छोड़कर, पक्षों के बीच कोई विवाद या मतभेद उभरता है तो, किसी भी पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को 30 दिनों के अंदर (या इससे अधिक की अवधि जिसपर परस्पर सहमति बनी हो) लिखित में सूचित कर कि ऐसा कोई विवाद या मतभेद मौजूद है, उसे नियमों या माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 और उसके अधीन तय और उस समय लागू नियमों के अनुसार मध्यस्थता हेतु संदर्भित किया जाएगा। अत:, इनके अनुपालन में तय किया गया फैसला दोनों पक्षों पर बाध्यकारी होगा।

(क) मध्यस्थता स्थल दिल्ली होगा।

(ख) मध्यस्थता प्रक्रिया की भाषा केवल अंग्रेजी होगी।

(ग) मध्यस्थता प्रक्रिया के खर्च का वहन प्रत्येक पक्ष द्वारा स्वयं किया जाएगा जबतक कि मध्यस्थ द्वारा फैसले में अन्यथा निर्णय न दिया जाए।

(घ) इस उपनियम के प्रावधान असफल, निष्प्रभावी या निष्क्रिय नहीं होंगे चाहे इस करार की अवधि समाप्त हो जाए या इसका अस्तित्व न रहे या इसे समाप्त या निरस्त या गैरकानूनी घोषित कर दिया गया हो।

## 5. शासी कानून और विवाद:

नई दिल्ली स्थित न्यायालय को इस करार से संबंधित सभी मामलों में विशेष क्षेत्राधिकार होगा जिसमें मध्यस्थता कार्रवाई से संबंधित अथवा उससे उत्पन्न कोई मामला या इनमें दिया गया कोई निर्णय शामिल है।

## 6. कार्य का दायरा और तकनीकी विनिर्देश

चयनित फर्म निदेशक, सीएचईबी के अनुदेशों और समग्र पर्यवेक्षण में कार्य करेगी। निम्नलिखित विवरणानुसार, त्रैमासिक स्वास्थ्य पत्रिका "हेअल्थी इंडिया इनिशिएटिव" की डिज़ाइनिंग और प्रिंटिंग (3 नियमित + 1 विशेष संस्करण के प्रकाशन की 1000 अंग्रेजी की प्रतियों और 1000 हिन्दी की प्रतियों सहित दोनों भाषाओं में **ई-संस्करण** फ्लिप बुक) के लिए कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं।

10/8

**प्रकाशन का नाम:** **<u>"हेअल्थी इंडिया इनिशिएटिव"</u>**

**आवधिकता:** त्रैमासिक (जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर) - इन चार संस्करणों में से एक विशेष संस्करण होगा ।

**प्रतियों की संख्या:** हिन्दी में 1000 और अंग्रेजी में 1000 प्रतियां

**पृष्ठों की संख्या:** तीन संस्करण के लिए 40 ± 4 पन्ने और विशेष संस्करण के लिए 100 ± 4 पन्ने

**क. संपादन, प्रूफ रीडिंग और अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद**

इस दस्तावेज में बड़ी मात्रा में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सम्मिलित होंगी। चयनित वेंडर से यह अपेक्षा होगी कि वह सीएचईबी स्टाफ के साथ कार्य करने के लिए एक पेशेवर संपादक और अनुवादक को नामित करे, जो स्वास्थ्य संबंधी कार्यों से भली-भांति भिज्ञ हो और जो कच्ची सामग्री का संपादन और अनुवाद कर सके और अच्छी गुणवत्ता वाले उपयुक्त ग्राफिक्स डाल सके । संपादक और प्रूफरीडर को पत्रिका के मुखपृष्ठ सहित संपूर्ण विषयवस्तु/सामग्री का सही प्रकार से संपादन और अनुवाद करना होगा । यह वेंडर की एकल जिम्मेदारी होगी कि वह व्याकरण और वर्तनी संबंधी त्रुटियों के बिना इस पत्रिका को प्रिंट करे । प्रत्येक संस्करण के लिए कम से कम 15 दिनों के पूर्ण दिवसीय संपादन कार्य लगने की संभावना है । तकनीकी बोली के साथ संपादन कार्य के लिए तैनात किये जाने वाले पेशेवर संपादक का बायोडाटा (सीवी), जिसमें उसकी तकनीकी प्रकाशनों संबंधी अर्हताएं और अनुभव उल्लिखित हो, को संलग्न किया जाना अपेक्षित है।

**ख. तकनीकी विनिर्देश**

i. लेआउट डिज़ाइन: सीएचईबी को प्रत्येक संस्करण के मुख पृष्ठ और लेआउट के कम से कम 4 विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे । प्रिंट करने से पहले सीएचईबी अधिकारियों को समीक्षा हेतु पुस्तिका के रूप मे 3 डिजिटल प्रूफ उपलब्ध कराने होंगे । प्रूफ रीडिंग का एकल दायित्व एजेंसी/फर्म/प्रिंटर का होगा ।

ii. ई-बुक का फ्लिप बुक संस्करण: वेंडर को, केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो/स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के लिए, अंतिम रूप दिये गये दस्तावेज की, फ्लिप बुक फार्मेट में, ई-बुक तैयार करनी होगी।

iii. **तीन नियमित संस्करणों के लिए कागज़ी प्रतियों की प्रिंटिंग हेतु विनिर्देश:**

| | | |
|---|---|---|
| संस्करणों की संख्या | : | 3 |
| पत्रिका की संख्या | : | 2000 प्रतियां प्रति तिमाही ( 1000 अंग्रेज़ी तथा 1000 हिन्दी में) |
| पत्रिका का आकार | : | ए-4 (11.75 x 8.5 इंच) |
| पृष्ठ | : | 40 ± 4 |
| पृष्ठ का प्रकार | : | अंदर के पृष्ठ 170 जीएसएम आर्ट पेपर |
| | : | आवरण (कवर) 300 जीएसएम आर्ट कार्ड, आवरण पर स्पॉट यूवी के साथ यूवी सहित मैट लैमिनेशन |
| मुद्रण | : | ऑनलाईन एक्यूअस वार्निश के साथ 4 कलर वेब ऑफसेट |

जिल्दसाज़ी(बाइंडिंग) : मध्य टांकों के साथ परफेक्ट बाइंडिंग

**पत्रिका के एक विशेष संस्करण हेतु विनिर्देश:**

| | | |
|---|---|---|
| संस्करणों की संख्या | : | 1 |
| पत्रिका की संख्या | : | 2000 प्रतियां (1000 अंग्रेज़ी तथा 1000 हिन्दी में) |
| पत्रिका का आकार | : | ए-4 (11.75 x 8.5 इंच) |
| पृष्ठ | : | 100 $\pm$ 4 |
| पृष्ठ का प्रकार | : | अंदर के पृष्ठ 130 जीएसएम आर्ट पेपर |
| | : | आवरण (कवर) 300 जीएसएम आर्ट कार्ड, आवरण पर स्पॉट यूवी के साथ यूवी सहित मैट लैमिनेशन |
| मुद्रण | : | ऑनलाईन एक्यूअस वार्निश के साथ 4 कलर वेब ऑफसेट |
| जिल्दसाज़ी(बाइंडिंग) | : | मध्य टांकों के साथ सेक्शन स्यूइंग परफेक्ट बाइंडिंग |

iv. पैकिंग: प्रत्येक पत्रिका को उपयुक्त पैकिंग पेपर में लपेटना होगा और कार्टन में पैक करना होगा। एक कार्टन में 15 से अधिक पत्रिकाएँ पैक नहीं होनी चाहिए।

v. डिज़ाइन और विषय-वस्तु के अंतिम रूप से अनुमोदन होने के उपरांत प्रत्येक अंक की सुपुर्दगी केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो के कार्यालय में 7 कार्यालयी दिवसों के भीतर हो जानी चाहिए। किसी भी मामले में सुपुर्दगी की अवधि संस्करण के अनुमोदन की तारीख से 10 दिनों से अधिक समय की नहीं होनी चाहिए।

7. तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन दो चरणों में किया जाएगा और निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित फॉर्मूले के आधार पर सर्वाधिक संचयी अंक पाने वाले वाले बोलीकर्ता को ठेका देने पर विचार किया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, निम्नतम कोटेशन या किसी भी कोटेशन को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

8. तकनीकी बोली में निम्नलिखित दस्तावेज़ निहित होने चाहिए, जिसके न होने पर बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा :

क) अनुबंध 'क' में दिए गए प्रोफॉर्मा के अनुसार अपेक्षित सूचना विधिवत रूप से दी जानी चाहिए;

ख) सीएसटी/वैट/जीएसटी/टीआईएन पंजीकरण प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रतियां;

ग) पैन/ जीआईआर/टीएएन की अनुप्रमाणित प्रतियां;

घ) गत तीन वित्तीय वर्षों की दाखिल की गई आयकर विवरणी की अनुप्रमाणित प्रतियां;

9. वित्तीय बोली अनुबंध ख में दिए गए प्रोफॉर्मा के अनुसार प्रस्तुत की जानी चाहिए।

10. <u>मूल्यांकन मापदंड</u> :

आवेदनकर्ता को निविदा दस्तावेज़ और उसमें उल्लिखित विनिर्देशों की अपनी समझ के आधार पर कुछेक नमूने केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।

**तकनीकी रूप से योग्य बोलियों को निम्नानुसार अंक दिए जाएंगे ( कुल अंक 100):**

क) अनुबंध क में निवेदित दस्तावेज़ों का पूर्ण अनुपालन।

ख) विन्यास, अवधारणा विकास, अभिकल्प (डिज़ाइन) टेम्पलेट, सृजनात्मकता और अभिकल्पनात्मक क्षमता **(अधिकतम 70 अंक)**: आवरण पृष्ठ अभिकल्प, अंदर के पृष्ठों का अभिकल्प, समग्र विन्यास, अभिकल्प टेम्पलेट , एक बार हिंदी और अंग्रेजी में पत्रिका का शीर्षक डिजाइन ,आदि पत्रिका के प्रस्तुतीकरण के प्रमुख तत्व हैं। बोलीकर्ता को अवधारणा, विन्यास और अभिकल्प टेम्पलेटों के नमूने प्रस्तुत करने होंगे। यदि अपेक्षित हुआ तो, तकनीकी समिति, बोलीकर्ता से अभिकल्पना, अवधारणा विकास क्षमताओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तुतीकरण की मांग कर सकती है ताकि कार्य की अपेक्षाओं के अनुसार बोलीकर्ताओं की निपुणता और योग्यता का आकलन किया जा सके।

ग) पूर्व अनुभव **(अधिकतम 30 अंक)**: फर्म से यह अपेक्षा की जाती है कि वह इस प्रकृति/प्रकार/जटिलता वाले विशिष्ट संविदाओं में अपने अनुभवों का विवरण उपलब्ध कराएगी। बोलीकर्ता अपनी अभिकल्पित पुस्तकों/ पत्रिकाओं के नमूनों को भी अवश्य उपलब्ध कराएंगे। बोलीकर्ता अपने पूर्व या मौजूदा ग्राहकों से प्रशंसापत्र/प्रमाण भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

**वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन नीचे उल्लिखित मूल्यांकन मापदंड के अनुसार किया जाएगा (कुल अंक 100):**

निम्नतम वित्तीय बोली (एल1) वाले बोलीकर्ता को 100% अंक प्रदान किए जाएंगे। निम्नतम बोलीकर्ताओं को छोडकर अन्य बोलीकर्ताओं के वित्तीय अंकों का मूल्यांकन निम्लनिखित फार्मूले का इस्तेमाल कर किया जाएगा :

**किसी बोलीकर्ता के वित्तीय अंक = {( निम्नतम बोली (एल1) की वित्तीय बोली/ बोलीकर्ता की वित्तीय बोली x 100} % ( 2 दशमलव तक समायोजित)**

**त्रुटियां और शुद्धि :**

अंकगणितीय त्रुटियों की शुद्धि निम्नलिखित आधार पर की जाएगी :-

यदि ईकाई मूल्य और ईकाई मूल्य को मात्रा से गुणा करने पर प्राप्त कुल मूल्य के बीच कोई विसंगति हो, तो ईकाई मूल्य ही मान्य होगा और कुल मूल्य में शुद्धि की जाएगी। यदि शब्दों और आंकड़ों में कोई विसंगति है तो शब्दों की राशि मान्य होगी।

<u>तकनीकी और वित्तीय बोलियों का संयुक्त मूल्यांकन:</u>

निविदा प्रदान करने के लिए मूल्यांकन की निम्नलिखित प्रक्रिया होगी :

प्रत्येक बोलीकर्ता द्वारा अर्जित तकनीकी एवं वित्तीय अंकों को क्रमशः 70:30 के भार के साथ जोड़ा जाएगा और फार्मूले का प्रयोग करके एक संचयी बोली अंक प्राप्त किया जाएगा :

**सीएस** =एस(टी)*0.7+एस (एफ)*0.3

जहां

सीएस = संचयी अंक;

एस(टी)= तकनीकी बोली अंक;

एस(एफ) =वित्तीय बोली अंक

**<u>सर्वाधिक संचयी अंक(सीएस) वाला बोलीकर्ता सफल बोलीकर्ता होगा और सेवा प्रदाता बनने का पात्र होगा।</u>**

- केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो द्वारा संविदा में दिए गए मूल्य के अलावा कोई अतिरिक्त लागत वहन नहीं किया जाएगा।

11. यदि बाद के किसी चरण में आवेदनकर्ता द्वारा दी गई सूचना के गलत होने का पता चलता है, तो बोलीकर्ता के संविदा के रद्द होने के अलावा केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो द्वारा भविष्य में उसे कोई निविदा प्रदान नहीं की जाएगी । केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो का अधिकार है कि वह स्वतंत्र रूप से बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तुत विवरणों का सत्यापन करे।

12. बयाना जमा राशि, **सीएचईबी(प्रशासन), कोटला रोड,** नई दिल्ली, पिन- 110002, फोन – 011-23235867 को 20 अगस्त, 2020 को **1700 बजे** या इससे पूर्व जमा करायी जा सकती है।

13. **बैंक गारंटी** : सफल बोलीकर्ता को प्रारंभ/प्रिंट आउट आदेश दिये जाने से पहले यह राशि जमा करानी होगी और यह संविदा अवधि के दौरान वैध रहेगी। बैंक गारंटी का मूल्य, परियोजना के कुल संविदा मूल्य के 10% राशि के बराबर होगा। यह बैंक गारंटी संविदा के पूरा होने के बाद वापस कर दी जाएगी बशर्ते कि संविदा की अवधि के दौरान संविदा का कोई उल्लंघन न किया गया हो।

14. **कार्य आदेश प्रदान करने की अधिसूचना :**

केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो बोली की वैधता की निर्धारित अवधि के भीतर ही ई-मेल द्वारा सफल बोलीकर्ता को अधिसूचित करेगा और पत्र द्वारा इस बात की पुष्टि करेगा कि उसकी बोली को स्वीकार किया गया है। इस अधिसूचना में, कार्य के दायरे और तकनीकी विवरण के अनुसार, केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो द्वारा बोलीकर्ता द्वारा निष्पादित कार्य के प्रतिफल के रूप में भुगतान की जाने वाली राशि का उल्लेख होगा। अधिसूचना प्राप्त होने पर सफल बोलीकर्ता को अपनी स्वीकृति वापसी ई-मेल द्वारा देनी होगी और उसे सात(07) दिनों के भीतर स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र भेजकर इसकी पुष्टि भी करनी होगी।

**जुर्माना :**

बोलीकर्ता द्वारा बोली(कोटेशन) को वापस लेने या बदलने के मामले में जमा बयाना राशि को ज़ब्त कर लिया जाएगा। बोलीकर्ता द्वारा ठेके की दर पर कार्य की अपेक्षा के अनुरूप कार्य पूरा करने से इंकार करने या असमर्थता जताने या विलंब करने या बोली में किसी गलत कथन देने पर संविदा समाप्त कर दी जाएगी और भविष्य में निविदा में भाग लेने से निर्हर किए जाने के साथ-साथ जमा बयाना राशि/निष्पादन गारंटी भी जब्त कर ली जाएगी।

भारत सरकार का प्रकाशन होने के नाते, बोलीकर्ताओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अत्यंत उच्च गुणवत्तायुक्त प्रकाशन करेंगे। किसी भी प्रकार का घटिया कार्य दिये जाने पर **बिल की कुल राशि के 20%** तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

15. **ऑनलाईन बोलियों का जमा किया जाना** : बोलियों को केवल ऑनलाईन ही जमा कराया जाएगा और मैनुअल बोलियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

16. तकनीकी बोली कोटेशनों को **केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, कोटला रोड, नई दिल्ली, पिन- 110002 में दिनांक 21 अगस्त, 2020 को 11:00 बजे** एक समिति की उपस्थिति में खोला जाएगा।

<u>**बोलियों को जमा कराने का सारणी**</u>

इस निविदा हेतु संभावित समयसारणी निम्नानुसार है :

| **मदों का विवरण** | **तिथि** |
|---|---|
| प्रकाशन की तिथि | 10 अगस्त, 2020 (1700 बजे) |
| बोलियों को जमा करने की आरंभिक तिथि (ऑनलाईन) | 10 अगस्त, 2020 (1700 बजे) |
| बोलियों को जमा करने की अंतिम तिथि (ऑनलाईन) | 20 अगस्त, 2020 (1700 बजे) |
| बोलियों को खोलने की तिथि (तकनीकी बोली) | 21 अगस्त, 2020 (1100 बजे) |
| बोलियों को खोलने की तिथि (वित्तीय बोली) | बाद में अधिसूचित किया जाएगा। |

समय-सारणी के साथ निविदा दस्तावेज़ को www.dghs.gov.in की वेबसाईट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

## तकनीकी बोली

| क्रम सं. | विवरण | निविदाकार द्वारा भरे जाने वाले | निविदा दस्तावेज़ की पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | एजेंसी का नाम | | |
| 2. | एजेंसी की स्थापना की तिथि | | |
| 3. | एजेंसी के कार्यालय का पूरा पता, दूरभाष संख्या, फैक्स संख्या और मोबाइल संख्या सहित तथा<br>संपर्क व्यक्ति के नाम ( फर्म का दिल्ली एनसीआर में कार्यालय होना चाहिए) | | |
| 4. | सभी संबंद्ध सरकारी प्राधिकरणों में पंजीकृत है अथवा नहीं<br>(सभी लाइसेंसों/पंजीकरणों की अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें) | | |
| 5. | पैन/जीआईआर/टैन संख्या (अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें) | | |
| 6. | सीएसटी/वैट/टिन पंजीकरण संख्या (अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें) | | |
| 7. | गत तीन वर्षों की आयकर विवरणियां संलग्न करें। | | |
| 8. | क्या फर्म का नाम किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी काली सूची में शामिल है या फर्म अथवा इसके मालिक/पार्टनर के विरूद्ध भारत में कहीं भी कोई आपराधिक मामला पंजीकृत है? | | |
| 9. | कंपनी/फर्म/एजेन्सी का प्रोफाइल एवं पिछली परियोजनाओं सहित पिछला अनुभव और वर्ष का न्यूनतम टर्नओवर | | |
| 10. | सरकारी विभागों के साथ काम करने का अनुभव (विभाग के नाम इंगित करें और कुछेक ग्राहकों की सूची संलग्न करें) | | |
| 11. | पत्रिका जैसे किसी अन्य प्रकाशन के सृजन का अनुभव।<br>कृपया कम से कम तीन नमूने उपलब्ध करायें। | | |
| 12. | स्वास्थ्य प्रकाशनों का अनुभव | | |
| 13. | क्या बोलीकर्ता को निविदा की शर्तें और निबंधन स्वीकार्य हैं? | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | एजेंसी का प्रोफाइल संलग्न करें। | | |
| 15. | अन्य ग्राहकों की सूची जिसमें से कम से कम तीन ग्राहकों से बोलीकर्ता द्वारा गत तीन वर्षों में डिज़ाइन और प्रकाशन संबंधी संतोषजनक सेवा प्रदान करने संबंधी पत्र प्रस्तुत करें। | | |

अनुबंध ख

## वित्तीय बोली

| क्रम सं. | विवरण | लागत |
|---|---|---|
| 1. | ***स्वास्थ्य पत्रिका 'हेअल्थी इंडिया इनिशिएटिव की डिज़ाइनिंग, अनुवाद सहित सम्पादन, प्रूफ रीडिंग, प्रकाशन, बाईंडिंग, डिलिवरी इत्यादि**<br>(3 नियमित + 1 विशेष संस्करण का प्रकाशन) फ्लिप बुक के रूप में ई-संस्करण सहित 1000 प्रतियां अंग्रेजी तथा 1000 प्रतियां हिन्दी में | |
| 2. | जीएसटी | |
| 3. | कुल | |

*बोलीकर्ता द्वारा परिलक्षित लागत में निविदा दस्तावेज में यथाउल्लिखित सभी संबंधित कार्यों की लागत शामिल होगी।

नोट : बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे ऑनलाईन बोली जमा कराते समय निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट पात्रता मानदंड और नियम एवं शर्तो को घ्यानपूर्वक पढ़ लें।

घोषणा पत्र(आधिकारिक लेटरहेड पर)

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने/हमने ई-निविदा पर हस्ताक्षर करने से पहले इसे पढ़ लिया है तथा इसमें निहित सभी नियमों और शर्तों को समझ लिया है और मैं/हम उनका पालन करने के लिए वचनबद्ध हैं।

प्राधिकृत हस्ताक्षाकर्ता

(नाम)

मुहर

## घोषणा पत्र(आधिकारिक लेटरहेड पर)

प्रमाणित किया जाता है कि मुझे/हमें किसी सरकारी विभाग द्वारा कालीसूची में नहीं डाला गया है। यह भी घोषणा की जाती है कि फर्म या इसके मालिक/पार्टनर के विरुद्ध भारत में कहीं भी कोई मामला पंजीकृत नहीं है।

प्राधिकृत हस्ताक्षाकर्ता

(नाम)

मुहर